# स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का निर्माण गुणवत्तापूर्ण करें : सारंग

▸ मंत्री ने एमपीआरडीसी के अधिकारियों के प्रति जताई नाराजगी



**भोपाल, 10 मई. खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने बरखेड़ानाथू स्थित अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान कार्यों की गुणवत्ता अपेक्षित स्तर पर नहीं पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की. उन्होंने एमपीआरडीसी के अधिकारियों को नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि खेल परिसर के सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से शीघ्र पूर्ण किए जाएं.**

मंत्री सारंग ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि कार्यों में लापरवाही या गुणवत्ता में कमी पाई गई, तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी.

मंत्री सारंग ने निर्देशित किया कि कॉम्पलेक्स के हैण्डओवर और टेकओवर की प्रक्रिया का पूर्ण वेरिफिकेशन किया जाए. बिना तकनीकी सत्यापन के किसी भी संरचना का हैंडओवर नहीं लिया जाए. साथ ही, सभी मरम्मत योग्य कार्यों का विस्तृत फ्लो-चार्ट बनाकर चरणबद्ध मरम्मत योजना तैयार की जाए, जिससे कार्यों में पारदर्शिता और गति बनी रहे.

मंत्री ने निर्देश दिए कि परिसर में पानी, बिजली, स्वच्छता, पार्किंग, आईटी, सर्वर रूम सहित सभी आवश्यक मूलभूत एवं आधुनिक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए. कॉम्पलेक्स के सुचारु संचालन के लिए प्रशासनिक भवन, सर्वर रूम, आईटी रूम और आधुनिक ऑडिटोरियम के निर्माण के लिये ठोस कार्य-योजना तैयार की जाए.

### थर्ड पार्टी ऑडिट कराने के निर्देश

मंत्री सारंग ने खेल परिसर की सुविधाओं और निर्माण कार्यों का थर्ड पार्टी ऑडिट कराने के निर्देश दिए, जिससे गुणवत्ता और मानकों की निष्पक्ष समीक्षा सुनिश्चित हो सके और परियोजना की विश्वसनीयता और मजबूती बनी रहे. उन्होंने स्पष्ट किया कि परिसर में बिजली की आवश्यकता के लिए सोलर एनर्जी के उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जाए. साथ ही, प्रदेश के सभी खेल परिसरों में सोलर व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कार्ययोजना तैयार की जाए, जिससे ऊर्जा संरक्षण के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिले. मंत्री सारंग ने यह भी निर्देश दिए कि निर्माण एजेंसी द्वारा किसी भी संबद्ध एजेंसी को भुगतान से पहले खेल विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) लेना अनिवार्य होगा तथा सभी आवश्यक उपकरणों की खरीदी से पूर्व विभागीय अनुमोदन सुनिश्चित किया जाए. बैठक में खेल एवं युवा कल्याण संचालक अंशुमान यादव, संयुक्त संचालक बी.एस. यादव, निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे.

## मकान से 80 हजार रुपए का सामान चोरी

**भोपाल, 10 मई.** गांधीनगर नगर थाना इलाके में बन रहे एक नए मकान में रखा 80 हजार रुपए का सामान चोरी हो गया. मकान के मालिक ने मामले की शिकायत थाने में की. घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपियों की पहचान करने में जुटी है. गांधीनगर नगर थाना पुलिस के अनुसार फरियादी डा. विभाष गुप्ता ने शिकायत दर्ज कराई. गुप्ता ने पुलिस को बताया कि गोदरमउ में उनके नए मकान का काम चल रहा है. मकान में प्लंबिंग का काम होना है और वहां पाइप, कपलर प्लंबिंग का सामान उन्होंने रखा था. शनिवार को अज्ञात चोरों ने निर्माणाधीन मकान के गेट पर लगे ताले को तोड़ कर सामान चोरी कर अपने साथ ले गए. फरियादी देर शाम को जब मकान का निरीक्षण करने गया, तो सामान गायब दिखा.

# क्रूज हादसे की न्यायिक जांच के लिए आयोग गठित

**भोपाल, 10 मई. जबलपुर के बरगी बांध में क्रूज हादसे के कारण जनहानि दुर्भाग्यपूर्ण घटना की न्यायिक जांच के लिए शासन ने उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी की अध्यक्षता में एक सदस्यीय जांच आयोग की नियुक्ति की है.**

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, राज्य शासन ने 'जांच आयोग अधिनियम, 1952' की धारा-3 के तहत यह आयोग गठित किया है. आयोग राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से तीन माह के भीतर अपनी जांच पूर्ण करेगा और रिपोर्ट राज्य शासन को प्रस्तुत करेगा.

आयोग दुर्घटना के कारणों की सूक्ष्मता से जांच करेगा और उत्तरदायित्व का निर्धारण करेगा. इसके साथ ही आयोग द्वारा दुर्घटना के दौरान और उसके उपरांत किए गए बचाव उपायों की पर्याप्तता तथा राहत कार्यों की विस्तृत समीक्षा की जाएगी. आयोग राज्य में नौकाओं, क्रूज और जल क्रीड़ा गतिविधियों के संचालन और रखरखाव के लिए एक समान मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करेगा. नौकाओं, क्रूज और जल क्रीड़ा गतिविधियों का ऑडिट करेगा और 'इनलैंड वेसेल्स एक्ट, 2021' और 'एनडीएमए बोट सेफ्टी गाइडलाइंस, 2017' के मानकों के अनुरूप जलयानों के प्रमाणीकरण की व्यवस्था करेगा. ऐसे सभी स्थानों पर, जहां नागरिक जल परिवहन, नौका, क्रूज एवं जल क्रीड़ा गतिविधियां संचालित की जा रही है वहां त्वरित प्रतिक्रिया दल के गठन की व्यवस्था के लिए भी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा.

# बुनकरों का सम्मान, स्टेट हैंडलूम एक्सपो का समापन

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 10 मई. गौहर महल में स्टेट हैंडलूम एक्सपो 2026 का समापन रविवार को हुआ. मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम द्वारा आयोजित इस एक्सपो में देश के विभिन्न राज्यों से आए बुनकरों और शिल्पकारों ने अपने पारंपरिक हस्तकरघा उत्पादों और कला कौशल का प्रदर्शन कर राजधानीवासियों को भारतीय बुनकरी परंपरा की समृद्ध विरासत से रूबरू कराया.**



समापन अवसर पर हरियाणा, मध्यप्रदेश, बिहार, उत्तरप्रदेश, झारखंड और पश्चिम बंगाल सहित विभिन्न राज्यों से आई बुनकर समितियों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में बुनकरों के योगदान और हस्तकरघा उद्योग को जीवंत बनाए रखने के प्रयासों की सराहना की गई. इस अवसर पर पारंपरिक वस्त्रों, हस्तनिर्मित साड़ियों, कलात्मक कपड़ों और लोक शिल्प की विविधता आकर्षण का केंद्र रही. एक्सपो के दौरान भारत सरकार के बुनकर सेवा केंद्र, इंदौर द्वारा विशेष थीम पवेलियन भी तैयार किया गया, जिसमें हस्तकरघा निर्माण की प्रक्रियाओं का प्रदर्शन किया गया. बुनकर सेवा केंद्र इंदौर के डिप्टी डायरेक्टर पवन कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रस्तुति ने आगंतुकों को करघों की दुनिया से करीब से परिचित कराया. थीम पवेलियन में पारंपरिक बुनाई की तकनीकों, धागों की तैयारी और वस्त्र निर्माण की बारीकियों को जीवंत रूप में प्रदर्शित किया गया.

कार्यक्रम में बुनकर सेवा केंद्र इंदौर से आए प्रतिनिधि राहुल, तकनीकी सहायक एम.एल. शर्मा सहित कई विशेषज्ञ मौजूद रहे. एक्सपो इंचार्ज अरविंद शर्मा ने सभी प्रतिभागियों, बुनकरों, कलाकारों और आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से न केवल बुनकरों को मंच मिलता है, बल्कि आमजन को भारतीय हस्तकरघा परंपरा की विविधता और समृद्धि को समझने का अवसर भी प्राप्त होता है.

## अस्पताल में लगी एलसीडी कर्मचारी ने चुराई, गिरफ्तार

**भोपाल, 10 मई.** निशातपुरा थाना क्षेत्र में संचालित एक निजी अस्पताल में लगी एलसीडी चोरी का मामला सामने आया है. चोरी करने वाला आरोपी अस्पताल का ही कर्मचारी निकला. अस्पताल प्रबंधन की शिकायत पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. जानकारी के मुताबिक आरोपी सचिन साहू (36) शमसाबाद का रहने वाला है. सचिन भोपाल में रहकर एक अस्पताल में कैटरिंग में काम करता था. आरोपी खाने पीने का सामान लोगों तक पहुंचाता था. बीते गुरुवार को देर रात सचिन ने ओपीडी के सामने बैठने की जगह पर लगी एलसीडी चोरी कर ली, जिसकी कीमत करीब 45 हजार रूपए है. अस्पताल प्रबंधन ने मामले को गंभीरता से लिया और थाने में शिकायत दर्ज कराई.

# बच्चों ने चित्रकला से किया जागरूक

## गांधी मेडिकल कॉलेज में थैलेसीमिया दिवस पर आयोजन

**भोपाल, 10 मई. गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) के शिशु रोग विभाग में थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर डॉ. मंजूषा गोयल और डॉ. राजेश टिक्कास के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया.**



इस दौरान बच्चों के लिए रंग भरने और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें नन्हे योद्धाओं ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया. कार्यक्रम में डीन डॉ कविता एन सिंह ने अभिभावकों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना. उन्होंने बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए शिशु रोग विभाग और ब्लड बैंक की टीम द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की. वहीं थैलेसीमिया डे केयर सेंटर की प्रभारी डॉ श्वेता शर्मा ने बताया कि देशभर में लगभग 3 से 4 प्रतिशत लोग थैलेसीमिया जीन के वाहक हैं. उन्होंने बताया कि देश में हर साल 10 से 12 हजार बच्चे इस गंभीर बीमारी के साथ जन्म लेते हैं. ब्लड बैंक प्रभारी डॉ पुनीत टंडन ने भी जनसमूह को संबोधित करते हुए रक्तदान के महत्व और थैलेसीमिया पीड़ितों के सहयोग पर जोर दिया.

# महाराणा प्रताप जयंती पर की महाआरती

▸ गाड़िया लोहार समाज ने किया कार्यक्रम



**भोपाल, 10 मई. सम्राट महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर समस्त गाड़िया लोहार समाज द्वारा जवाहर चौक चौकी के पास अटल पथ भोपाल में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम के अंतर्गत महाआरती, प्रसाद वितरण एवं 'छारमूली' का वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन एवं श्रद्धालु शामिल हुए. कार्यक्रम का आयोजन राजू राणा मित्र मंडल के तत्वावधान में समाजसेवी राजू राणा (बोराणा) गाड़िया लोहार द्वारा किया गया.**

इस दौरान महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर राष्ट्र एवं समाज की खुशहाली की कामना की गई. पूरे कार्यक्रम के दौरान धार्मिक भजनों, जयघोषों और श्रद्धा का वातावरण बना रहा. महाआरती के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया. साथ ही 'छारमूली' का भी विशेष रूप से वितरण किया गया.

इस अवसर पर राजू राणा ने अपने संबोधन में कहा कि महाराणा प्रताप त्याग, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक हैं. उनका जीवन युवाओं को धर्म, संस्कृति और मातृभूमि की रक्षा के लिए प्रेरित करता है. उन्होंने कहा कि समाज को एकजुट होकर राष्ट्रहित और सनातन संस्कृति के संरक्षण के लिए कार्य करना चाहिए. कार्यक्रम में भीम गाड़िया लोहार, मुंशी गाड़िया लोहार, भजन गाड़िया लोहार, गुलाब सिंह मकवाना, राहुल राव, आकाश राणा, अर्जुन राणा, अनिल राणा गाड़िया लोहार, रामप्रसाद सोलंकी, मिथुन सोलंकी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे.

## भोपाल में 16 मई को होगा पेड्डी का ग्रैंड ट्रेलर लॉन्च

**भोपाल, 10 मई.** पेड्डी पहले ही साल 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में अपनी जगह बना चुकी है, जिसमें ग्लोबल स्टार राम चरण लीड रोल में नजर आएंगे. फिल्म में जान्हवी कपूर और जगपति बाबू भी अहम भूमिकाओं में हैं, और अनाउंसमेंट के बाद से ही इसे लेकर फैंस और इंडस्ट्री के बीच जबरदस्त उत्साह बना हुआ है. इसी बढ़ते क्रेज के बीच अब फिल्म के प्रमोशन को नई रफ्तार देते हुए टीम 16 तारीख को भोपाल पहुंचने जा रही है, जहां से एक्साइटमेंट और भी बढ़ने वाली है. पेड्डी का ट्रेलर अगले वीकेंड शनिवार को भोपाल में होने वाले लॉन्च इवेंट में रिलीज किया जा सकता है. इस खास मौके पर राम चरण, निर्देशक बुची बाबू साना, निर्माता वेंकट सतीश किलारू, सुकुमार और जान्हवी कपूर शामिल हो सकती है.

# एसी बंद मिलने पर मंत्री ने जताई नाराजगी

▸ मंत्री तोमर ने रात में किया अस्पताल का निरीक्षण

**भोपाल, 10 मई. ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर शनिवार देर रात अचानक निरीक्षण किया. वे विद्युत उपकेन्द्र मोतीझील और बहोड़ापुर पहुंचे जहां उन्होंने विद्युत वितरण व्यवस्था का जायजा लिया.**



उन्होंने उपकेंद्र कार्यालय का निरीक्षण किया तथा कर्मचारियों से बुनियादी सुविधाओं की जानकारी ली. उन्होंने कहा कि हालात सुधार लें अन्यथा अगली बार सिर्फ चेतावनी नहीं दूंगा, सीधे कार्यवाही होगी. ऊर्जा मंत्री तोमर रात में ही अचानक सिविल अस्पताल हजीरा पहुंचे. निरीक्षण के दौरान गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में गर्मी के बीच एसी बंद मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई और अस्पताल प्रबंधन को एसी दुरुस्त कराने के निर्देश दिए. तोमर ने दो टूक कहा कि अति-संवेदनशील वार्डों में इस तरह की लापरवाही ठीक नहीं है.

उन्होंने मौके से ही अस्पताल प्रभारी डॉ. प्रशांत नायक को फोन लगाकर तत्काल व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए. उन्होंने ड्यूटी पर मौजूद डाक्टर से सवाल किया कि रात के समय अस्पताल में कितना स्टाफ तैनात रहता है.

तोमर ने अस्पताल प्रशासन को निर्देशित किया कि मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं में किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. ऊर्जा मंत्री ने सिविल अस्पताल एवं प्रसूति गृह बिरला नगर का भी औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मरीजों से चर्चा की.

## बड़े तालाब में मिला महिला का शव

**भोपाल, 10 मई.** बोट क्लब बड़े तालाब में एक महिला का शव बरामद किया गया. रविवार को श्यामला हिल्स पुलिस थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर महिला की शिनाख्त की. मर्ग कायम कर पुलिस जांच में जुटी है. महिला की पहचान सोनिका ठाकुर के रूप में की गई है. सोनिका की शादी नर्मदापुरम निवासी रूपेश ठाकुर के करीब दो साल पहले साथ हुई थी. सोनिका कुछ दिन पहले अपने मायके गौतम नगर कॉलोनी आई थी.


### नाम परिवर्तन

मैं MO OVES KHAN S/O MOHAMMAD YAQUB आयु वयस्क निवासी: 340, गली नं. 10, सुदामा नगर, गोविंदपुरा, भोपाल, मेरे दस्तावेजों में पहले मेरा नाम MOHAMMAD OVES KHAN दर्ज था, जो कि बदल कर मेरा नाम MO OVES KHAN हो गया है. अब मेरे दस्तावेज में मेरा नाम यही है. अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाएगा.


# कोतवाली थाना प्रभारी लाइन अटैच

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 10 मई. कोतवाली थाना प्रभारी काशीराम कुशवाह पर विभागीय गाज गिर गई. कुशावाहा को लाइन अटैच किया गया है. कार्यालय पुलिस उपायुक्त जोन-3 ने इस संबंध में जारी किया है.**

पुलिस उपायुक्त जोन 3 आयुष गुप्ता द्वारा जारी आदेशानुसार 28 अप्रैल को थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत निकाले जाने वाले मुख्यमंत्री के प्रस्तावित मशाल जुलुस के दौरान निरीक्षक काशीराम कुशवाह की तरफ से जुलूस मार्ग में किसी प्रकार की कोई व्यवस्था नहीं की गई और न ही मार्ग में खड़े हुए वाहनों को हटाने का कोई प्रयास किया गया. काशीराम कुशवाहा की इस महत्वपूर्ण कार्यकम के दौरान सक्रिय उपस्थिती और थाना प्रभारी के रूप में दायित्व निर्वहन का अभाव था. इसके चलते कुशवाह को तत्काल प्रभाव से लाइन अटैच किया गया है.

## व्यक्ति ने की खुदकुशी

**भोपाल, 10 मई.** कोहेफिजा थाना इलाके में एक 52 साल के व्यक्ति ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली. एसआई सर्वेश सिंह ने बताया कि विजय सिंह का मकान बीडीए कॉलोनी में है. वह अपने परिवार के साथ रहते थे और सुल्तानिया में कैशियर का काम करते थे. शनिवार को विजय ने अपने घर के कमरे में फांसी लगा ली. उन्हें फंदे पर लटकता देख परिजनों ने अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.

# ग्रामीण और पुलिस कर रहे हैं गश्त

▸ थाना प्रभारी की पहल

**बैरसिया, 10 मई. बैरसिया थाना प्रभारी वीरेंद्र सेन का जनता के साथ बेहतर तालमेल इलाके में अपराधों पर अंकुश लगाने में सफल दिखाई दे रहा है. अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस असैा ग्रामीण संयुक्त रूप से मिलकर रात्रि गस्त कर रहे हैं.**



इधर टीआई सेन ने अल्प समय में थाने में सालों से पेंडिंग एसटी एससी एक्ट के अपराधिक प्रकरणों के चालान न्यायालय में पेश किए. इसकी प्रशंसा पुलिस के आला अधिकारी भी कर चुके हैं. पुलिस एसडीओपी वैशाली कराहलिया के मार्गदर्शन में टीआई सेन ने कई संगीन आपराधिक मामलों के फरार आरोपियों ओर वारंटियों गिरफ्तार किया. कम पुलिस स्टाफ के बाबजूद चोरी, हत्या दुष्कर्म ओर नाबालिग बच्चियों के अपहरण के दर्ज मामलों में आरोपियों को ट्रेस कर उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जा रही है.


### नाम परिवर्तन

हमारी शादी हिंदू विवाह अधिनियम के तहत हुई है और हम 09-07-2024 (विवाह की तिथि) से एक विवाहित जोड़े के रूप में साथ रह रहे हैं, कि अपर्णा नामदेव पुत्री दिनेश नामदेव (पत्नी का शादी से पहले का नाम) अब से श्रीमती अपर्णा गुप्ता पत्नी तरुण गुप्ता (विवाह के बाद पत्नी का नाम) के रूप में जानी जाएंगी, और उनका वर्तमान पता है: हाउस नंबर 219, वसुंधरा सी ब्लॉक, सुरेंद्र पैलेस वार्ड 52, होशंगाबाद रोड, भोपाल, मध्य प्रदेश 462026 भारत, यह बदलाव हमारी शादी के फलस्वरूप हुआ है.


स्वास्थ्य | समय पर रिपोर्टिंग से बचेंगी जानें

# महामारियों पर लगाम कसेगा निजी अस्पतालों का डेटा

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 10 मई संक्रामक बीमारियों और महामारियों के खतरों को भांपने के लिए अब शहर के निजी अस्पताल भी सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगे. राष्ट्रीय एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला में यह बात उभरकर आई कि भोपाल जैसे महानगर में केवल सरकारी अस्पतालों के आंकड़ों से किसी बीमारी के खतरे का सही आंकलन नहीं किया जा सकता.**




कार्यशाला में स्वास्थ्य अधिकारियों ने निजी स्वास्थ्य संस्थाओं से अपील की है कि वे बीमारियों की रिपोर्टिंग में पारदर्शिता और तेजी लाएं ताकि किसी भी आउटब्रेक को समय रहते रोका जा सके.

**अंडर रिपोर्टिंग से बढ़ता है बड़ा खतरा**-कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा ने कहा कि निजी क्षेत्र भोपाल में स्वास्थ्य सेवाओं का एक बड़ा हिस्सा संभालते हैं.यदि निजी अस्पताल संक्रामक रोगों की जानकारी समय पर साझा नहीं करते हैं तो डेटा की कमी के कारण स्वास्थ्य विभाग को सही निर्णय लेने में परेशानी होती है.विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि जानकारी छुपाने या कम रिपोर्ट करने से किसी भी उभरती महामारी से निपटने में गलत फैसले लेने का जोखिम रहता है जिससे जनहानि की संभावना बढ़ जाती है.

### कानूनी दायित्व के साथ सामाजिक जिम्मेदारी भी

विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया कि संक्रामक रोगों की जानकारी सरकार को देना न केवल वैज्ञानिक रूप से आवश्यक है बल्कि यह निजी अस्पतालों का कानूनी दायित्व भी है.समय पर साझा की गई जानकारी से बीमारियों की चेतावनी और उनके प्रबंधन में आसानी होती है.कार्यशाला में नर्सिंग होम एसोसिएशन के पदाधिकारियों और वरिष्ठ चिकित्सकों ने भी शिरकत की.डॉ शर्मा ने मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए अनमोल पोर्टल पर डेटा प्रविष्टि के महत्व पर भी जोर दिया.


## कार्यालय सेनानी 25वीं वाहिनी विसबल भोपाल

दूरभाष/फैक्स नं.- 0755-2443748

ई-मेल- co23bn_saf@mppolice.gov.in

क्र. 25वीं वाहिनी/विसबल/स्वस्ति पुलिस अस्पताल/../1592/2026 दिनांक 5/5/2026

### निविदा विज्ञप्ति सूचना

वित्तीय वर्ष 2026-27 में एसटीएफ परिसर स्थित स्वस्ति पुलिस अस्पताल में स्थापित लैब, लेबर रूम एवं ड्रेसिंग रूम हेतु अपशिष्ट जल उपचार की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए Effluent Treatment मटेरियल 2KLD क्रय एवं प्रतिष्ठापन कार्य किए जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैं:

| EMD Paid Online Through mptenders.gov.in | Tender Fees (Rs) |
|---|---|
| 30,000/- | 2,000/- |

1. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन वेबसाइट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर जमा किए जाएंगे.
2. निविदा शुल्क ऑनलाइन जमा करना अनिवार्य है.
3. मध्यप्रदेश पुलिस की वेबसाइट www.mppolice.gov.in से निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है.

| | |
|---|---|
| निविदा प्रकाशन दिनांक | 7/5/2026 के 10.00 बजे |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने का दिनांक | 7/5/2026 के 10.00 बजे |
| प्री-बिड मीटिंग दिनांक | NA/NA/NA के 12.00 बजे |
| निविदा जमा करने का प्रारंभ दिनांक | 7/5/2026 के 10.00 बजे |
| निविदा जमा करने का अंतिम दिनांक | 28/5/2026 के 16.00 बजे |
| निविदा खोलने का दिनांक | 29/5/2026 के 16.30 बजे |

5. निविदाकर्तागण से अनुरोध है कि निविदा से संबंधित संशोधन, शुद्धि पत्र आदि वेबसाइट पर ही अपलोड किए जाएंगे, अत: वेबसाइट पर अद्यतन रहें.
6. निविदा में दर्शाए दिनांक/ समय पर निविदा खोली जावेगी. निविदा खोलने के उपरान्त तकनीकी निविदा में योग्य पाए गए निविदाकर्ताओं एवं वित्तीय निविदा की जानकारी वेबसाइट के माध्यम से बाद में सूचित की जावेगी.

सेनानी
25वीं वाहिनी वि.स.बल भोपाल

G12624/26



### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की एम.पी. नगर जोन–01 योजना में स्थित भूखण्ड/भवन क्रमांक–162 श्री आर.एन. लेखा एवं श्री एस.एल. दुआ के संयुक्त नाम पर आवंटित है। आवंटी के मुख्तारआम श्री ओ.पी. कृपलानी आत्मज श्री मूलचंद्र कृपलानी द्वारा उक्त भूखण्ड पर बहुमंजिला भवन का निर्माण कर भूतल पर निर्मित दुकान क्रमांक जी–07, क्षेत्रफल–170 वर्गफीट का विक्रय श्री चंद्रमणि तिवारी आत्मज श्री रामभुवन तिवारी को विक्रय कर विक्रय पत्र उप पंजीयक कार्यालय में दिनांक–07/02/2001 को पंजीकृत करा दिया गया। क्रेता द्वारा प्राधिकरण में उक्त भूखण्ड पर निर्मित दुकान अपने नाम नहीं कराया एवं क्रेता का स्वर्गवास दिनांक 20/06/2006 को हो जाने के कारण क्रेता के वारिसों क्रमश:
1. धर्मपत्नी – श्रीमती तिवारी सुशीलाबेन चंद्रमणि प्रसाद तिवारी 2. पुत्र – श्री राहुल तिवारी आत्मज स्व. श्री चंद्रमणि प्रसाद तिवारी द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्रेता/पति/पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, पंजीकृत विक्रय पत्र, आधार कार्ड तथा समस्त वांछित प्रपत्रों को प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड पर निर्मित दुकान संयुक्त नाम पर नामांतरण चाहा गया है। उक्त नामांतरण के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजों के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल